क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 06.06.2025

समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज देहरादून के पाववाला सौड़ा गांव में किसानों से संवाद करेंगे।
- लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने कहा– गढ़वाल के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्यरत है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज राष्ट्र को समर्पित करेंगे।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने रानीखेत स्थित कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर में अधिकारियों, सैनिकों व प्रशिक्षु अग्निवीर जवानों से मुलाकात की।

किसान चौपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज देहरादून के पाववाला सौड़ा गांव में आयोजित किसान चौपाल के जरिए किसानों से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि केंद्रीय कृषि मंत्री खाट पर बैठकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं व सुझाव सुनेंगे। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहर में केंद्रीय कृषि मंत्री मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री भारतीय प्रशासनिक अकादमी में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद दोपहर तीन बजे देहरादून के गढ़ी कैंट में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को संबोधित करेंगे।

दिशा बैठक

लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने कहा है कि गढ़वाल के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पूरे भारत में विकास का रथ प्रामाणिकता के साथ आगे बढ़ रहा है। गोपेश्वर में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में श्री बलूनी ने जिले में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण, ओली को खेल डेस्टिनेशन बनाने और शैडो एरिया में मोबाइल टावर लगाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।

सरकार के 11 साल

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों पर केंद्रित एक विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज हम कौशल विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जो भारत की अमृत पीढी – युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है।

चिनाब रेल पुल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल रेल पुल–अंजी खड का लोकार्पण करेंगे।

नदी के तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चेनाब रेल ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है इसकी ऊंचाई एफिल टावर से 35 मीटर अधिक है। एक किलोमीटर से अधिक लंबी इस्पात की यह संरचना उधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक का महत्वपूर्ण हिस्सा है और भारतीय इंजीनियरिंग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। दुर्गम इलाकों और मौसम की चरम स्थितियों को सहने के लिए डिजाइन किया गया यह पुल 260 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा की रफ्तार का सामना कर सकता है और इसे 120 साल तक की अवधि तक टिकाऊ रहने के लिए निर्मित किया गया है।

बैली ब्रिज

चमोली जिले के थराली में बैली ब्रिज के निर्माण में लापरवाही बरतने पर शासन ने दो अधिशासी अभियंताओं समेत चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। साथ ही निर्माणाधीन ब्रिज के टूटने पर विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गौरतलब है कि चमोली जिले के थराली क्षेत्र में घटगाड़ गदेरे पर बैली ब्रिज निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था।

राज्यपाल रानीखेत भ्रमण

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अल्मोड़ा के रानीखेत स्थित कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर में अधिकारियों, सैनिकों और प्रशिक्षु अग्निवीर सैनिकों से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुमाऊं रेजिमेंट के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां के सैनिकों और जवानों ने समय–समय पर राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान भी दिया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय सेना की सबसे बड़ी इन्फैंट्री रेजिमेंट्स में से एक है, जिसमें वर्तमान में 23 बटालियन कार्यरत हैं।

राज्यपाल ने सेंटर द्वारा किए जा रहे "आउटरीच प्रोग्राम्स" के अंतर्गत सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि सैनिकों के लिए एआई आधारित कार्यक्रमों, उद्यानिकी और पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को होम स्टे, मौन पालन जैसी योजनाओं से जोड़ने के लिए स्थानीय स्तर पर केंद्र स्थापित किए जाएँ।

मानक संवाद

भारतीय मानक ब्यूरो के देहरादून स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से 'मानक संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि 'मानक संवाद' जैसे आयोजन देश में गुणवत्ता संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार भी करता है। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि भारतीय मानकों को अपनाने से न केवल प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है, बल्कि उपभोक्ताओं का विश्वास भी मजबूत होता है।

संक्षिप्त समाचार———

चंपावत जिले के गुरुद्वारा रीठ साहिब में 9 जून से शुरू होने वाले तीन दिवसीय जोड मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। उपजिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

सांसद अजय भट्ट ने विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। श्री भट्ट ने कहा कि वृक्षारोपण करके हम धरती को फिर से हरा–भरा बना सकते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस पर राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला, हरिद्वार, गौहरी और मोतीचूर रेंज में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। चीला और हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर पैदल मार्ग पर सफाई अभियान चलाने के साथ ही वन कर्मियों ने लोगों को पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने और उसकी रक्षा के प्रति जागरूक किया।